(17)

दिनांक–24.04.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Provision of Audio Conference System for Bihar Legislative Assembly with five Years Operation & Maintenance at Patna के एकरारित मदों में हुए विचलन के अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही–

---

उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री कुमार रवि,<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । | – | अध्यक्ष |
| 2. | श्री असीम कुमार,<br>अभियंता प्रमुख (विद्युत),<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । | – | सदस्य |
| 3. | श्री अरीम कुमार,<br>मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना । | – | सदस्य |
| 4. | श्री विकाश कुमार पाण्डेय,<br>आन्तरिक वितीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना । | – | सदस्य |

1. कार्य का नाम– Provision of Audio Conference System for Bihar Legislative Assembly with five Years Operation & Maintenance at Patna.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रु0 12,13,97,710/–
3. प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग– भवन निर्माण विभाग, पटना को पत्रांक–277 (भ), दिनांक–29.01.02025
4. मूल तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 12,13,06,990/–
5. पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 13,97,28,001/–
6. एकरारनामा की राशि – रु0 11,70,34,109/–
7. एकरारनामा संख्या – SBD No.-03 of 2025-26
8. सम्वेदक का नाम – मेसर्स ग्राफिक ट्रेडर्स प्रा0 लि0, पटना
9. एकरारनामा के अनुसार कार्य आरंभ करने की तिथि– 22.05.2025
10. एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि– 21.09.2025
11. दिनांक–15.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही–

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना ने पत्रांक–580, दिनांक–16.03.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन एवं विचलन चार्ट के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया है । विदित हो कि मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के द्वारा संबंधित कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन पर रु0 13,97,28,001/– (तेरह करोड़ सनतानवे लाख अठाईस हजार एक) मात्र की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है । समिति के सभी सदस्यों द्वारा एकरारनामा, पुनरीक्षित प्राक्कलन एवं विचलन चार्ट के जाँचोपरान्त निम्नलिखित तथ्य पाये गए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | एकरारनामा की राशि | – | रु0 11,70,34,109/– |
| (ii) | एकरारित मदों में हुए विचलन की राशि | – | रु0 2,19,48,976/– |
| (iii) | योजना की कुल लागत (i+ii) | – | रु0 13,89,83,085/– |

उल्लेखनीय है कि योजना की कुल लागत यथा रु0 13,89,83,085/– (तेरह करोड़ नवासी लाख तेरासी हजार पचासी) मात्र है, जो प्रशासनिक स्वीकृति की राशि के अनुज्ञेय सीमा से 20 प्रतिशत यथा रु0 14,56,77,252/– (चौदह करोड छप्पन लाख सतहत्तर हजार दो सौ बावन) मात्र के अंतर्गत है ।

प्रस्तुत के संदर्भ में विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना के द्वारा सूचित किया गया कि कार्य सम्पादन के क्रम में माननीय अध्यक्ष महोदय, बिहार विधान सभा, सचिव, बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों द्वारा निदेश दिया गया कि भविष्य में बिहार राज्य में परिसीमन के बाद माननीय सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावना के दृष्टिगत बिहार विधान सभा वेश्म के सभी आसनों में Microphone, Delegate Unit एवं Headphone की बढ़ोत्तरी किया जाय । निदेशानुसार, Microphone, Delegate Unit एवं Headphone की संख्या में विस्तार किये जाने के कारण Central Equipments, Audio Cable, Speaker Cable, Data Cable, Power Supply, Amplifier इत्यादि की वृद्धि हुई है । परिणामस्वरूप, विषयांकित कार्य के एकरारित मदों में बढ़ोत्तरी हुई है ।

तद् आलोक में संबंधित कार्य के एकरारित मदों में विचलन की राशि रु0 2,19,48,976/– (दो करोड़ उन्नीस लाख अड़तालिस हजार नौ सौ छिहत्तर) मात्र है । संबंधित विचलित मदों की विवरणी निम्नवत् है–

| क्र0 | मद का नाम | विचलन होने का कारण | एकरारित मदों की संख्या | कराये गये कार्य की संख्या | बढ़ोत्तरी (संख्या में) | बढ़ोत्तरी (राशि एवं प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SITC of Delegate Unit | मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में उप सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–936, दिनांक–21.11.2025 के द्वारा निदेशित किया गया है कि भविष्य में बिहार राज्य में परिसीमन के बाद माननीय सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावना के दृष्टिगत बिहार विधान सभा वेश्म के सभी आसनों पर माईक सिस्टम का अधिष्ठापन किया जाय । निदेशानुसार, Microphone की संख्या में वृद्धि होने के फलस्वरूप Delegate Unit एवं Headphone की बढ़ोत्तरी हुई है । उक्त के अतिरिक्त कार्य सम्पादन के क्रम में स्थल निरीक्षण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय, बिहार विधान सभा, सचिव, बिहार विधान सभा एवं बिहार विधान सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों द्वारा समय–समय पर दिशा–निर्देश दिया गया है। | 280 | 320 | 40 | रु0 92,94,130.27 (14.28%) |
| 2 | SITC of Microphone | | 255 | 320 | 65 | रु0 29,16,440.80 (25.49%) |
| 3 | SITC of Headphone | | 310 | 360 | 50 | रु0 6,00,921.79 (16.12%) |
| 4 | SITC of Central Equipments | Microphone, Delegate Unit एवं Headphone की संख्या में वृद्धि होने के फलस्वरूप इन आवश्यक उपकरणों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है । | 02 | 06 | 04 | रु0 50,95,759.74 (200%) |
| 5 | SITC of Power Supply | | 03 | 04 | 01 | रु0 6,73,024.80 (33.33%) |
| 6 | SITC of Amplifier | | 02 | 04 | 02 | रु0 3,59,938.98 (100%) |
| 7 | SITC of Speakers | | 14 | 28 | 14 | रु0 11,82,597.73 (100%) |
| 8 | SITC of Digital Audio DSP with 32 bit | | 01 | 03 | 02 | रु0 13,68,903.92 (200%) |
| 9 | SITC of Audio Cable One Pair 22 AWG stranded TC Conductors | | 305 | 1200 | 895 | रु0 1,11,453.09 (293.44%) |
| 10 | SITC of Speaker Cable 2 Conductor 16AWG stranded Tinned Conductors | | 610 | 1200 | 590 | रु0 82,445.53 (96.72%) |
| 11 | SITC of Data Cable Conductor 23AWG Solid bare copper (4 Pair) | | 1830 | 2900 | 1070 | रु0 49,839.95 (58.46%) |
| 12 | SITC of Crip Type Connector | | 100 | 310 | 210 | रु0 1,31,154.28 (210%) |
| 13 | SITC of Network Switch I/O ports & Slots | | 01 | 03 | 02 | रु0 82,365.68 (200%) |
| | कुल | रु0 2,19,48,976.56 | | | | |
| | Say | रु0 2,19,48,976.00 | | | | |

उक्त के क्रम में 20 प्रतिशत से कम विचलित मदों यथा Delegate Unit एवं Headphone पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा अनुमोदन करते हुए शेष 20 प्रतिशत से अधिक विचलित मदों के अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने का निर्णय लिया गया । तद् आलोक में समिति के द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–2106 (S), दिनांक–07.03.2017 के आलोक में एकरारित मदों में हुए विचलन की स्वीकृति हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्ताव भेजने पर सहमति व्यक्त की गयी ।

12. दिनांक–15.04.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक का निर्णय–

सम्यक् विचारोपरांत समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से 20 प्रतिशत से कम विचलित मदों यथा **Delegate Unit** एवं **Headphone** को अनुमोदित करते हुए शेष 20 प्रतिशत से अधिक विचलित मदों पर विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया । तदालोक में विषयांकित कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन के आलोक में एकरारित मदों में हुए विचलन के अनुसार कुल राशि रु0 2,19,48,976/– (दो करोड़ उन्नीस लाख अड़तालिस हजार नौ सौ छिहत्तर) मात्र के अनुमोदन करने की अनुशंसा के साथ विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

13. विभागीय निविदा समिति का निर्णय–

दिनांक–15.04.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के स्तर से सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में विषयांकित कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन के आलोक में एकरारित मदों में हुए विचलन के अनुसार कुल राशि रु0 2,19,48,976/– (दो करोड़ उन्नीस लाख अड़तालिस हजार नौ सौ छिहत्तर) मात्र का अनुमोदन करने का निर्णय लिया जाता है । तदनुसार, मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना अग्रेतर कार्रवाई करेंगे । इसे विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय ।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24/4/26 | 24/4/26 | 24/4/26 | |
| (विकाश कुमार पाण्डेय) | (असीम कुमार) | (असीम कुमार) | (कुमार रवि) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, | मुख्य विद्युत अभियंता–1, | अभियंता प्रमुख (विद्युत), | सचिव, |
| भवन निर्माण विभाग, पटना। | भवन निर्माण विभाग, पटना। | भवन निर्माण विभाग, पटना। | भवन निर्माण विभाग, पटना। |

ज्ञापांक–प्र021/भ0वि0प्राक0–47/23– 256 (वि0) दिनांक– 28/4/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

28/4/26
(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभिता–1,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।